
# आमिर खान इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2025 में फहराएंगे तिरंगा



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान इस अगस्त इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। यह खास समारोह फेस्टिवल के वार्षिक स्वतंत्रता दिवस सेलिब्रेशन का हिस्सा होगा, जो भारत की भावना और इसके वैश्विक सांस्कृतिक प्रभाव को सम्मानित करता है।विक्टोरिया सरकार द्वारा समर्थित आईएफएफएम , भारत के बाहर आयोजित सबसे बड़ा भारतीय फिल्म फेस्टिवल है। हर साल आईएफएफएम में ध्वजारोहण का आयोजन भारतीय प्रवासी और वैश्विक दर्शकों के लिए भावनात्मक महत्व रखता है। इस बार आमिर खान जैसे सम्मानित कलाकार द्वारा तिरंगा फहराना फेस्टिवल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान को दर्शाता है।